# हरियाणा विधान सभा

**बजट सत्र 2024**

**अतारांकित प्रश्न**

## 27 फ़रवरी 2024

----

**कुल प्रश्न** - 19

----

**पुल को चौड़ा करना**

112 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कालका के हंडिया मौहल्ला में पुल को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक चौड़ा किया जाने की संभावना है तथा उक्त पुल की चौड़ाई में कुल कितनी वृद्धि करके चौड़ा किए जाने की संभावना है?

----

## कृषि भूमि को वाणिज्य/आवासीय श्रेणी से हटाना

113 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या नगर निगम, पंचकूला के अंतर्गत आने वाले गांवों की कृषि भूमि जहां 1 एकड़ से कम है, को वाणिज्यिक के रूप में घोषित किया गया है तथा क्या उक्त भूमि के संपत्ति पहचान पत्र/कार्ड बनाते समय किसानों से संपत्ति कर एकत्रित किया जा रहा है; तथा

(ख) क्या उक्त भूमि को वाणिज्यिक/आवासीय श्रेणी से हटाने के पश्चात कृषि भूमि के रूप में वर्गीकृत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## मध्यस्थता के लंबित मामलों की संख्या

114 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) कलेक्टर, पंचकूला के पास लंबित पड़े पंचकूला से यमुनानगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 73(अब 7ए) के भाग रामगढ़ से बरवाला तक राजमार्ग को चौड़ा करने के लिए वर्ष 2010 से 2016 तक शेष अधिग्रहित भूमि से संबंधित मध्यस्थता के मामलों की संख्या कितनी है तथा वह कब से लंबित पड़े हुए हैं;

(ख) मध्यस्थता से संबंधित उक्त मामलों में देरी के कारण क्या हैं; तथा

(ग) क्या सरकार द्वारा अगले 3 महीनों के अंदर इन लंबित मामलों को निपटाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों तथा कलेक्टर, पंचकूला को कोई निर्देश दिए जाने की संभावना है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## छात्र तथा अध्यापक का अनुपात

115 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) जिला मेवात-नूहं में छात्र तथा अध्यापक का अनुपात कितना है तथा वर्तमान में राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक से माध्यमिक कक्षाओं तक छात्रों तथा अध्यापकों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) वर्तमान में जिला मेवात-नूहं में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं तथा उनका पूरा ब्यौरा क्या है?

----

## मेवात कैडर अध्यापकों का ब्यौरा

116 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगेः-

(क) क्या यह तथ्य है कि मेवात कैडर में कार्यरत अध्यापकों को अतिरिक्त वेतन उपलब्ध करवाया जाता है; यदि हां, तो उन्हें अतिरिक्त वेतन कब से उपलब्ध करवाया जा रहा है तथा उनको कितना अतिरिक्त वेतन दिया जाता है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि मेवात कैडर में टी.जी.टी./ई.एस.एच.एम. के विभिन्न विषयों की पदोन्नति के मामलें अभी लंबित पड़े हुए हैं; यदि हां, तो उन विषयों की संख्या कितनी है जिनके उक्त मामले लंबित पड़े हैं तथा इन अध्यापकों की पदोन्नति कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) मेवात कैडर के गठन के पश्चात् मेवात से दूसरे जिलों में स्थानांतरित किए गए अध्यापकों की कुल संख्या कितनी है तथा इस संबंध में स्थानांतरण की नीति का ब्यौरा क्या है तथा उक्त अध्यापकों का स्थानांतरण कब हुआ था तथा उसका सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों की संख्या

**117 चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:

(क) जिला नूहं में सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 01 जनवरी, 2015 से 01 जनवरी, 2024 तक पास हुए विद्यार्थियों की कोर्स-वार संख्या कितनी है तथा उसका सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है;

(ख)उक्त पास विद्यार्थियों को सरकार द्वारा रोजगार एवं प्रशिक्षण न दिए जाने के कारण क्या हैं;

(ग) क्या यह तथ्य है कि प्रशिक्षित अध्यापकों की कमी है तथा उपरोक्त संस्थानों में कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को उचित/ पर्याप्त प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में सरकार असमर्थ है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(घ) जिला नूहं में सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में रोजगार देने के लिए आई कंपनियों के नाम क्या है तथा उक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ये कंपनियां कब आई थी तथा उसका सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है; तथा

(ड) जिला नूहं में सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चल रहे विभिन्न कोर्सों की सूची क्या है?

----

## खेल स्टेडियम का निर्माण करना

**118 चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:

(क) क्या जिला मुख्यालय, नूहं में एक खेल स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उक्त खेल स्टेडियम को कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है;

तथा

(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## ऑक्सी वन विकसित करना

119 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद में डबुआ सब्जी मंडी के पास पुनर्वास विभाग की खाली पड़ी भूमि पर ऑक्सी वन विकसित करने के लिए वन विभाग को एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; तथा

(ख) उक्त ऑक्सी वन को अब तक विकसित नहीं करने के कारण क्या हैं तथा उक्त ऑक्सी वन को कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

----

## फिरनियों का पुनः निर्माण करना

120 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) फरीदाबाद एन. आई. टी. 86 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाले गांवों में फिरनियों की संख्या कितनी है तथा वर्तमान में अच्छी अवस्था में तथा जर्जर अवस्था में फिरनियों की पृथक- पृथक संख्या कितनी है तथा उनका ग्रामवार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उक्त जर्जर फिरनियों के कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## एक टॉय सिटी विकसित करना

121 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः

(क)क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद एन.आई.टी. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक टॉय सिटी विकसित करने के लिए दिनांक 02.07.2020 को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी; यदि हां, तो उपरोक्त बैठक में उपस्थित व्यक्तियों के नाम क्या हैं तथा उक्त बैठक में क्या निर्णय लिया गया; तथा

(ख) टॉय सिटी को कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

----

**सड़क पर जल भराव की समस्या का समाधान करना**

122 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या गांव धौज से गांव टिकरी खेड़ा तक सड़क का कुछ भाग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है तथा उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त सड़क पर पानी भरा रहता है तथा यह क्षतिग्रस्त अवस्था में है; यदि हां, तो उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**जल स्तर बढाने के लिए कदम उठाना**

123 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि जल संसाधन प्राधिकरण के संबंध में निम्नलिखित बिन्दुओं का ब्यौरा क्या है:-

(i) भू-जल उपयोगकर्ताओं को दिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्रों की जिलेवार संख्या;

(ii) भू-जल उपयोगकर्ताओं के लिए वर्णित विभिन्न श्रेणियां ;

(iii) फीस तथा जुर्माना शुल्कों के ब्यौरे;

(iv) इसकी स्थापना से एकत्रित फीस तथा जुर्माने ;

(v) अब तक उपयोग किया गया फीस तथा जुर्माना तथा उसका उद्देश्य; तथा

(vi) जल स्तर बढाने के लिए सरकार द्वारा  उठाए गए कदम ?

----

## एक ब्लॉक एक उत्पाद की पहल

124 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि 'एक ब्लॉक एक उत्पाद' पहल से संबंधित निम्नलिखित सूचना क्या है :-

(i) लक्ष्य एवं उद्देश्य ;

(ii) आज तक का उत्पादन;

(iii) 'एक उत्पाद' की ब्लॉक-वार सूची; तथा

(iv) आवंटित बजट तथा उपयोग किया गया बजट ?

----

## ऋण भुगतान के लिए बजट अनुमान

125 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि गत 5 वर्षों के लिए राज्य में ऋण भुगतान के लिए वर्षवार बजट अनुमान, संशोधित अनुमान तथा वास्तविक ब्यौरा क्या है?

----

## लंबित ट्यूबवेल कनैक्शन जारी करना

126 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) आज तक लंबित ट्यूबवेल कनैक्शन के आवेदनों की संख्या कितनी है तथा गत् 5 वर्षों में जारी किए गए ट्यूबवेल कनैक्शन की वर्षवार, जिलेवार संख्या कितनी है; तथा

(ख) सभी लंबित कनैक्शनों के कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

----

## विश्वविद्यालय का रीजनल सेंटर खोलना

127 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी जिले में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, गुरुग्राम का रीजनल सेंटर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## कार्यकारी अभियंता की नियुक्ति करना

128 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि बाढ़डा के बिजली विभाग कार्यालय में कार्यकारी अभियंता तथा अन्य आवश्यक अमले को कब तक नियुक्त किए जाने की संभावना है, जिसका दर्जा वर्ष 2021 में मंडल कार्यालय के रूप में बढ़ाया गया था तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## मनरेगा के अंतर्गत विकास कार्यों की संख्या

129 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) बाढ़डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वित्त वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 के दौरान मनरेगा स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत तथा पूरे हुए विकास कार्यों की संख्या कितनी है;

(ख) प्रत्येक कार्य (कच्चा तथा पक्का) पर खर्च राशि का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) कच्चा तथा पक्का कार्यों को पूरा करने के लिए कितना भुगतान किया गया तथा उसका कार्यवार ब्यौरा क्या है तथा लंबित भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना

130 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या स्वयं सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं तथा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन संचालन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दादरी जिले में ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रशिक्षण केंद्र कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**दिनांक 27 फ़रवरी, 2024.** **सचिव**